# <u>समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालय (गैर-महापत्तन) में जुलाई, 2021 के दौरान संभाला गया कार्गो</u>

## <u>भारत के समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालय में कुल कार्गो यातायात</u>

समुद्री यातायात का कार्यकलाप, विश्व अर्थव्यवस्था नामत: विश्व आउटपुट एवं व्यापार में वृद्धि में होने वाले विकास द्वारा चालित होता है। इस प्रकार, पत्तनों द्वारा संभाले गए समुद्री कार्गो यातायात की मात्रा का आकार मुख्य रूप से वैश्विक एवं घरेलू गतिविधियों के स्तरों एवं परिवर्तनों पर निर्भर होता है। गैर-महापत्तनों में कार्गो यातायात अप्रैल-जुलाई, 2020-21 के दौरान संभाले गए 164.56 मिलियन टन से **अप्रैल-जुलाई, 2021-22 के दौरान 23.7% तक बढ़कर 2033.50 मिलियन टन हो गया है।**

गैर-महापत्तनों में संभाला गया विदेशी कार्गो यातायात अप्रैल-जुलाई, 2020-2021 के दौरान संभाले गए 143.23 मिलियन टन से अप्रैल-जुलाई, 2021-22 के दौरान 22.7% तक बढ़कर 175.80 मिलियन टन हो गया है। गैर-महापत्तनों में संभाला गया तटीय कार्गो यातायात अप्रैल-जुलाई, 2020-21 के दौरान संभाले गए 21.33 मिलियन टन से अप्रैल-जुलाई, 2021-22 के दौरान 29.8% तक बढ़कर 27.70 मिलियन टन हो गया है।


## <u>जुलाई, 2021 के दौरान पत्तनवार संभाला गया कार्गो</u>

- गैर-महापत्तनों पर जुलाई, 2021 के दौरान, संभाला गया कार्गो 49.95 मिलियन टन है जिसकी वृद्धि में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 7.6% बढ़ोतरी देखी जा सकती है। गैर-महापत्तनों में जुलाई, 2020 के दौरान संभाला गया तटीय कार्गो यातायात 6.25 मिलियन टन की तुलना में जुलाई, 2021 के दौरान 16.3% बढ़ कर 7.29 मिलियन टन हो गया है। गैर-महापत्तनों में जुलाई, 2021 के दौरान संभाला गया विदेशी कार्गो जुलाई, 2020 के दौरान संभाले गए 40.16 मिलियन टन से 6.3% बढ़कर 42.68 मिलियन टन हो गया है।
- **जुलाई, 2021** के दौरान, केरल समुद्री बोर्ड (केएमबी) के गैर-महापत्तनों ने विगत वर्ष की समान अवधि की तुलना में, यातायात में 73.6% की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है, इसके बाद महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (एमएमबी) (38.0%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (36.2%), आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (एपीएमबी) (10.1%), गुजरात समुद्री बोर्ड (जीएमबी) (4.4%) के गैर महापत्तन आते हैं। **जुलाई, 2021 में जिन समुद्री राज्य/राज्य निदेशालयों ने घाटा दर्ज किया है, उनमें** पत्तन निदेशालय पुदुच्चेरी (64.9%) हैं जिसके बाद पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (57.9%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (टीएनएमबी) (46.3%) और पत्तन प्रबंधन बोर्ड अंडमान एवं निकोबार (23.2%) शामिल हैं।
- जुलाई, 2021 के दौरान, समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालयों में गुजरात समुद्री बोर्ड ने समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालय में संभाले गए कुल कार्गो में (66.0%) की हिस्सेदारी के साथ 32.98 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो यातायात की संभलाई की, इसके बाद आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (17.0%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (9.1%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (6.5%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (0.8%), पत्तन निदेशालय, पुदुचेरी (0.4%) और पत्तन प्रबंधन बोर्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (0.2%) आते हैं।

- विस्तृत सामान के स्तर पर विगत वर्ष की समान अवधि की तुलना में जुलाई, 2021 में **अन्य अयस्क ने 442.3% की सर्वाधिक वृद्धि प्राप्त की है।** इसके बाद दालों को छोड़कर खाद्यान्न (81.2%), अन्य कोयला (32.2%), कोकिंग कोयला (24.2%), उर्वरक (16.1%), कंटेनर (14.9%), पीओएल क्रूड (11.1%), लौह अयस्क (7.4%) और पीओएल उत्पाद (1.8%) आते हैं। जुलाई, 2021 में खाद्य तेल ने 76.8% की अधिकतम नकारात्मक वृद्धि दर्ज की इसके बाद, चीनी (44.2%), एफआरएम लिक्विड (39.2%), प्रोजेक्ट कार्गो (36.7%), निर्माण सामग्री (26.4%), थर्मल कोयला (18.6%), एलपीजी अथवा एलएनजी (16.7%), लोहा और इस्पात (15.8%), सीमेंट (3.4%) और अन्य वस्तुएं (0.6%) आती हैं।
- विस्तृत सामान के स्तर पर जुलाई, 2021 में कंटेनर ने **18.5% की हिस्सेदारी के साथ 9.23 मिलियन टन** के अधिकतम कार्गो यातायात की संभलाई की है। इसके बाद पीओएल क्रूड (15.0%), अन्य कोयला (13.2%), पीओएल उत्पाद (12.5%), अन्य वस्तुएं (10.5%), लौह अयस्क पैलेट्स/फाइन (8.6%), कोकिंग कोयला (5.9%), थर्मल कोयला (4.8%), एलपीजी अथवा एलएनजी (3.7%), उर्वरक (2.7%), सीमेंट (1.3%), लोहा एवं इस्पात (1.2%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (0.9%), खाद्य तेल, चीनी और एफआरएम लिक्विड (0.2%) प्रत्येक और निर्माण सामग्री (0.1%) आते हैं।

**<u>अप्रैल-जुलाई, 2021-2022 के दौरान संभाला गया कार्गो यातायात</u>**

- अप्रैल-जुलाई, 2021-2022 के दौरान कैप्टन ऑफ पोर्ट्स, गोवा ने 276.8% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की है हालांकि, राज्य समुद्री/ राज्य निदेशालय के गैर महापत्तनों द्वारा 203.50 मिलियन टन की कुल कार्गो संभलाई में उसकी हिस्सेदारी नाममात्र है इसके बाद केरल समुद्री बोर्ड (203.4%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (56.3%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (29.5%), आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (22.6%), गुजरात समुद्री बोर्ड (22.3%) और तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (0.3%) का स्थान है। अप्रैल-जुलाई, 2020-2021 की तुलना में अप्रैल-जुलाई 2021-2022 के दौरान पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (23.4%) ने यातायात में सबसे अधिक नकारात्मक वृद्धि दर्ज की इसके बाद, पत्तन निदेशालय पुडुचेरी (22.5%) और पत्तन प्रबंधन बोर्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (0.4%) आते हैं। **(तालिका- 1)**




- अप्रैल-जुलाई 2021-22 के दौरान, समुद्री राज्य /राज्य निदेशालय, गुजरात समुद्री बोर्ड ने 65.9% की हिस्सेदारी के साथ 134.02 मिलियन टन की अधिकतम कार्गो संभलाई की, इसके बाद आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (16.9%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (7.7%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (7.0%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (1.2%), पत्तन निदेशालय, पुडुचेरी (1.0%), अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (0.2%) और पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (0.1%) आते हैं। **(ऊपर दिया गया ग्राफ 1)**

## तालिका -1 : गैर-महापत्तन – पत्तन-वार संभाला गया मासिक कार्गो यातायात

(हजार टनों में)

| क्रम सं. | पत्तनों के नाम | | (जुलाई, 2020) (पी) | | (जुलाई, 2021) (पी) | | कुल योग (अप्रेल-जुलाई, 2020-21) (पी) | | कुल योग (अप्रेल-जुलाई, 2021-22) (पी) | | % में अंतर {(कॉ.10 / कॉ.8-1)* 100} |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | संभाला गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | संभाला गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | संभाला गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | संभाला गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) |
| 1 | जीएमबी | विदेशी | 28517 | 71.0 | 29395 | 68.9 | 99320 | 69.3 | 120182 | 68.4 | 21.0 |
| | | तटीय | 3082 | 49.3 | 3587 | 49.3 | 10259 | 48.1 | 13834 | 49.9 | 34.8 |
| | | कुल | 31599 | 68.1 | 32982 | 66.0 | 109579 | 66.6 | 134016 | 65.9 | 22.3 |
| 2 | एमएमबी | विदेशी | 953 | 2.4 | 1211 | 2.8 | 4362 | 3.0 | 6848 | 3.9 | 57.0 |
| | | तटीय | 1393 | 22.3 | 2027 | 27.9 | 4811 | 22.6 | 7492 | 27.0 | 55.7 |
| | | कुल | 2346 | 5.1 | 3238 | 6.5 | 9173 | 5.6 | 14341 | 7.0 | 56.3 |
| 3 | टीएनएमबी | विदेशी | 680 | 1.7 | 381 | 0.9 | 2182 | 1.5 | 2177 | 1.2 | -0.3 |
| | | तटीय | 106 | 1.7 | 41 | 0.6 | 160 | 0.7 | 173 | 0.6 | 8.2 |
| | | कुल | 786 | 1.7 | 422 | 0.8 | 2342 | 1.4 | 2349 | 1.2 | 0.3 |
| 4 | गोवा | विदेशी | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0.0 |
| | | तटीय | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 2 | 0.0 | 8 | 0.0 | 276.8 |
| | | कुल | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 2 | 0.0 | 8 | 0.0 | 276.8 |
| 5 | केएमबी | विदेशी | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0.0 |
| | | तटीय | 5 | 0.1 | 8 | 0.1 | 20 | 0.1 | 61 | 0.2 | 202.3 |
| | | कुल | 5 | 0.0 | 8 | 0.0 | 20 | 0.0 | 61 | 0.0 | 203.4 |
| 6 | पुदुच्चेरी | विदेशी | 501 | 1.2 | 176 | 0.4 | 2564 | 1.8 | 1988 | 1.1 | -22.5 |
| | | तटीय | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0.0 |
| | | कुल | 501 | 1.1 | 176 | 0.4 | 2564 | 1.6 | 1988 | 1.0 | -22.5 |
| 7 | आंध्र प्रदेश | विदेशी | 6506 | 16.2 | 7241 | 17.0 | 23489 | 16.4 | 29884 | 17.0 | 27.2 |
| | | तटीय | 1199 | 19.2 | 1244 | 17.1 | 4567 | 21.4 | 4506 | 16.3 | -1.3 |
| | | कुल | 7704 | 16.6 | 8485 | 17.0 | 28056 | 17.0 | 34390 | 16.9 | 22.6 |
| 8 | अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह | विदेशी | 27 | 0.1 | 1 | 0.0 | 47 | 0.0 | 4 | 0.0 | -91.4 |
| | | तटीय | 90 | 1.4 | 89 | 1.2 | 345 | 1.6 | 387 | 1.4 | 12.1 |
| | | कुल | 116 | 0.3 | 89 | 0.2 | 392 | 0.2 | 391 | 0.2 | -0.4 |
| 9 | कर्नाटक | विदेशी | 15 | 0.0 | 6 | 0.0 | 166 | 0.1 | 142 | 0.1 | -14.3 |
| | | तटीय | 6 | 0.1 | 3 | 0.0 | 85 | 0.4 | 50 | 0.2 | -41.1 |
| | | कुल | 21 | 0.0 | 9 | 0.0 | 251 | 0.2 | 192 | 0.1 | -23.4 |
| 10 | ओडिशा | विदेशी | 2962 | 7.4 | 4271 | 10.0 | 11094 | 7.7 | 14578 | 8.3 | 31.4 |
| | | तटीय | 372 | 5.9 | 271 | 3.7 | 1083 | 5.1 | 1189 | 4.3 | 9.8 |
| | | कुल | 3334 | 7.2 | 4542 | 9.1 | 12178 | 7.4 | 15767 | 7.7 | 29.5 |
| **कुल** | | **विदेशी** | **40162** | **86.5** | **42683** | **85.4** | **143225** | **87.0** | **175804** | **86.4** | **22.7** |
| | | **तटीय** | **6252** | **13.5** | **7269** | **14.6** | **21332** | **13.0** | **27700** | **13.6** | **29.8** |
| | | **कुल** | **46413** | **100.0** | **49952** | **100.0** | **164557** | **100.0** | **203504** | **100.0** | **23.7** |

स्रोत :- पोर्ट डाटा मेनेजमेंट पोर्टल, पोत परिवहन मंत्रालय (पी) प्रोविजनल

- अप्रैल-जलाई, 2021-2022 के दौरान, प्रोजेक्ट कार्गो ने 123.4% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की गई है इसके बाद, दालों को छोड़कर खाद्यान्न (72.0%), अन्य कोयला (63.4%), सीमेंट (51.5%), कोकिंग कोयला (47.3%), निर्माण सामग्री (46.4%), कंटेनर (38.1%), लौह अयस्क (28.2%), चीनी (23.2%), थर्मल कोयला (18.1%), पीओएल क्रूड (15.1%), अन्य सामग्री (10.6%) पीओएल उत्पाद (2.2%) और अन्य अयस्क (0.1%) आते हैं। अप्रैल-जुलाई, 2020-21 की तुलना में अप्रैल-जुलाई, 2021-22 में दालों ने यातायात में 61.0% की अधिकतम नकारात्मक वृद्धि दर्ज की इसके बाद एफआरएम लिक्विड (32.0%), खाद्य तेल (12.1%), एलपीजी अथवा एलएनजी (6.3%), लोहा और इस्पात (5.4%) और उर्वरक (4.5%) आते हैं। **(तालिका-2)**
- सभी वस्तुओं में से, अप्रैल-जुलाई, 2021-2022 के दौरान पत्तनों में अधिकतम संभला गया सामान कंटेनर है, जो 18.5% की हिस्सेदारी के साथ 27.75 मिलियन टन रहा। इसके बाद, अन्य कोयला (15.3%), पीओएल क्रूड (14.2%), पीओएल उत्पाद (11.2%), अन्य वस्तुएं (10.4%), लौह अयस्क/पैल्लट (7.8%), थर्मल कोयला (6.1%), कोकिंग कोयला (5.9%), एलपीजी एवं एलएनजी (3.5%), उर्वरक (1.9%), सीमेंट (1.6%), लोहा और इस्पात (1.2%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (0.6%), चीनी और खाद्य तेल में (0.5%) प्रत्येक, अन्य अयस्क (0.3%) तथा निर्माण सामग्री और एफआरएम लिक्विड (0.2%) प्रत्येक आते हैं।

**तालिका-2: गैर-महापत्तनों में कार्गो यातायात की वस्तु-वार वृद्धि**

**(हजार टनों में)**

| **वस्तुएं** | **(जुलाई, 2020) (पी)** | | **(जुलाई, 2021) (पी)** | | **कुल योग (अप्रैल-जुलाई, 2020-21) (पी)** | | **कुल योग (अप्रैल-जुलाई, 2020-21) (पी)** | | **% में अंतर {(कॉ.10/ कॉ.8-1)* 100}** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | **संभाला गया कार्गो** | | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (12) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| पीओएल क्रूड | 6754 | 14.6 | 7505 | 15.0 | 25138 | 15.3 | 28932 | 14.2 | 15.1 |
| पीओएल उत्पाद | 6123 | 13.2 | 6236 | 12.5 | 22268 | 13.5 | 22753 | 11.2 | 2.2 |
| एलपीजी या एलएनजी | 2223 | 4.8 | 1851 | 3.7 | 7706 | 4.7 | 7222 | 3.5 | -6.3 |
| खाद्य तेल | 427 | 0.9 | 99 | 0.2 | 1176 | 0.7 | 1034 | 0.5 | -12.1 |
| एफआरएम-लिक्विड | 142 | 0.3 | 86 | 0.2 | 523 | 0.3 | 356 | 0.2 | -32.0 |
| लौह अयस्क पेलेट्स /फाइन | 4009 | 8.6 | 4306 | 8.6 | 12345 | 7.5 | 15825 | 7.8 | 28.2 |
| अन्य अयस्क | 43 | 0.1 | 231 | 0.5 | 546 | 0.3 | 546 | 0.3 | 0.1 |
| थर्मल कोयला | 2974 | 6.4 | 2423 | 4.8 | 10564 | 6.4 | 12476 | 6.1 | 18.1 |
| कोकिंग कोयला | 2367 | 5.1 | 2940 | 5.9 | 8160 | 5.0 | 12022 | 5.9 | 47.3 |
| अन्य कोयला | 4988 | 10.7 | 6592 | 13.2 | 19050 | 11.6 | 31127 | 15.3 | 63.4 |
| उर्वरक | 1149 | 2.5 | 1334 | 2.7 | 3983 | 2.4 | 3805 | 1.9 | -4.5 |
| एफआरएम-ड्राई | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 63 | 0.0 | 0.0 |
| दालों को छोड़कर खाद्यान्न | 249 | 0.5 | 452 | 0.9 | 765 | 0.5 | 1316 | 0.6 | 72.0 |
| दालें | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 83 | 0.1 | 32 | 0.0 | -61.0 |


| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चीनी | | 173 | 0.4 | 97 | 0.2 | 767 | 0.5 | 946 | 0.5 | 23.2 |
| सीमेंट | | 669 | 1.4 | 646 | 1.3 | 2131 | 1.3 | 3229 | 1.6 | 51.5 |
| लौहा तथा इस्पात | | 727 | 1.6 | 612 | 1.2 | 2558 | 1.6 | 2421 | 1.2 | -5.4 |
| परियोजना कार्गो | | 5 | 0.0 | 3 | 0.0 | 37 | 0.0 | 82 | 0.0 | 123.4 |
| निर्माण सामग्री | | 71 | 0.2 | 52 | 0.1 | 242 | 0.1 | 355 | 0.2 | 46.4 |
| कंटेनर | टन | 8032 | 17.3 | 9233 | 18.5 | 27341 | 16.6 | 37745 | 18.5 | 38.1 |
| | टीईयू | 619 | 1.3 | 671 | 1.3 | 2099 | 1.3 | 2733 | 1.3 | 30.2 |
| अन्य | | | 5288 | 11.4 | 5254 | 10.5 | 19173 | 11.7 | 21215 | 10.4 |
| कुल | | | **46413** | **100.0** | **49952** | **100.0** | **164557** | **100.0** | **203504** | **100.0** |

**स्रोत :- पोर्ट डाटा मेनेजमेंट पोर्टल, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**
**टिप्पणी- * हजार की संख्या में (पी) प्रोविजनल**

## अप्रैल-जुलाई, 2021-22 के दौरान संभाला गया विदेशी एवं तटीय कार्गो


- अप्रैल-जुलाई, 2021-22 के दौरान गैर-महापत्तनों में, गुजरात समुद्री बोर्ड (जीएमबी) ने 68.4% की हिस्सेदारी के साथ 120.18 मिलियन टन के अधिकतम विदेशी कार्गो की संभलाई की। इसके बाद, आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (17.0%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (8.3%), एमएमबी (3.9%), टीएनएमबी (1.2%), पुदुचेरी (1.1%), और पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (0.1%) आते हैं। **(ग्राफ-2)**

Graph 2. State Maritime/ Directorate-wise share of Overseas cargo traffic handled during April-July, 2021-22




- अप्रैल-जुलाई, 2021-22, के दौरान गैर-महापत्तनों में, 49.9% हिस्सेदारी के साथ जीएमबी ने 13.83 मिलियन टन के अधिकतम तटीय कार्गो की संभलाई की। इसके बाद एमएमबी (27.0%), आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (16.3%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (4.3%), अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (1.4%), टीएनएमबी (0.6%) और केरल समुद्री बोर्ड (केएमबी) और पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (0.2%) प्रत्येक आते हैं। **(ग्राफ-3)**

Graph 3. State Maritime/ Directorate-wise share of Coastal cargo traffic handled during April-July, 2021-22




*****************************